# भारत करेगा तरंग शक्ति की मेज़बानी

## चर्चा में क्यों?

सूत्रों के अनुसार, **भारत** दो चरणों में **तमिलनाडु और राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास** [**'तरंग शक्ति'**](#) **की मेज़बानी करेगा।**

## मुख्य बिंदु

- यह भारत में आयोजित अब तक का **सबसे बड़ा** **अंतर्राष्ट्रीय हवाई अभ्यास** होगा, जिसमें 51 देशों को निमंत्रण दिया गया है।
- **भारतीय वायु सेना** को दस देशों से उनकी संपत्तियों के साथ भाग लेने तथा 18 देशों से पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने की पुष्टि प्राप्त हो चुकी है।
  - अभ्यास का पहला चरण 6 अगस्त से 14 अगस्त तक **तमिलनाडु के सुलूर** में आयोजित किया जाएगा और **फ्राँस, जर्मनी, स्पेन तथा यूनाइटेड किंगडम सहित चार देश** अपने साजो-सामान के साथ इसमें **भाग** लेंगे।
  - दूसरा चरण 1 से 14 सितंबर तक **राजस्थान के जोधपुर** में आयोजित किया जाएगा और इसमें **ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ग्रीस, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात तथा अमेरिका** अपने संसाधनों के साथ **भाग** लेंगे।
- इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के **F-18, A-18, C-130 विमान, F-16 विमान, A-10, KC-130 विमान, KC-135 विमान** भाग लेंगे।
  - इसका उद्देश्य **सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और** **भारत के रक्षा उद्योग** को उजागर करना है, जो देश के **आत्मनिर्भर भारत** के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-to-host-tarang-shakti